अमर उजाला 01/10/2022

# विद्यार्थियों ने हुनर से चमकाया नाम

## गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में 70 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग



जीएमएन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का शुक्रवार को आरंभ हुआ। पहले चरण में भाषण, काव्य पाठ, क्विज, पेंटिंग, मोनो एक्टिंग, मिमिक्री और वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के प्रथम दिन लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष से तान्या प्रथम, बीबीए प्रथम वर्ष से रिया द्वितीय और तरुणदीप तृतीय रहे। काव्य पाठ में आक्षी प्रथम, रचना द्वितीय और प्रिया सिंह ने तीसरा स्थान पाया।

### क्विज प्रतियोगिता में टीम-ई प्रिया, स्वाति, शुभम ने हासिल किया प्रथम स्थान

इसी प्रकार, मिमिक्री में राघव वैद प्रथम, अमनदीप सिंह दूसरे स्थान पर रहे। वहीं मोनो एक्टिंग में अमनदीप सिंह प्रथम और अंजलि ने दूसरा स्थान हासिल किया। वाद्य यंत्र में प्रथम जसप्रीत सिंह, नीतीश कुमार दूसरे और अनूप तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पाश्चात्य वाद्य में शिवम प्रथम, नमन दूसरे और अमनप्रीत सिंह ने तीसरा स्थान पाया। पेंटिंग में प्रथम